# परीक्षा विभाग

# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 270 /परीक्षा/2024 इन्दौर, दिनांक 16.12.2024

## आवश्यक सूचना

सत्र 2024–25 अन्तर्गत दिनांक 23.12.2024 से प्रारंभ होने वाली बी.एस–सी./बीसीए पंचम सेमेस्टर एवं एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर मुख्य/एटीकेटी परीक्षा दिसम्बर–2024 – जनवरी–2025 में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि–

1. परीक्षा की समय–सारणी जारी की जा चुकी है। परीक्षार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट **www.collegeholkar.org** पर इसका अवलोकन कर सकते हैं।
2. बी.एस–सी./बीसीए पंचम सेमेस्टर का परीक्षा समय दोपहर 02:00 से अपरान्ह 05::00 बजे तक रहेगा।
3. एम.एस–सी. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा समय प्रातः 10:00 से दोपहर 01::00 बजे तक रहेगा।
4. परीक्षार्थी परीक्षा समय का विशेष ध्यान रखें। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनिट पश्चात् परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी परीक्षार्थी स्वयं की रहेगी।
5. नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी परीक्षा के समस्त परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 17.12.2024 से परीक्षार्थी की प्रोफाइल पर उपलब्ध होंगे। परीक्षार्थी अपनी प्रोफाइल से प्रवेश पत्र स्वयं डाउनलोड करें।
6. जिन विद्यार्थियों ने निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं किये हैं, उन विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र प्रोफाइल पर उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे विद्यार्थी तत्काल परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा विभाग की छात्रशाखा में निर्धारित विलम्ब शुल्क के साथ जमा करें।
7. परीक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र में अंकित प्रश्नपत्रों के शीर्षक का मिलान परीक्षा समय–सारणी से अनिवार्य रूप से कर लें। यदि इसमें कोई विसंगति हो तो तत्काल परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर संपर्क करें।
8. परीक्षा में पूरक उत्तरपुस्तिका नहीं दी जावेगी।
9. प्रत्येक परीक्षार्थी को, परीक्षा दिवस को अपना महाविद्यालयीन परिचय पत्र एवं प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र के अभाव में परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।
10. परीक्षा कक्ष में नकल सामग्री/घड़ी/मोबाइल/अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट इत्यादि लाना पूर्णतः वर्जित है। ऐसी सामग्री परीक्षार्थी के पास पाई जाने पर नकल प्रकरण (UFM) बनाया जाएगा।
11. परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट को निरन्तर अवलोकन करते रहें।
12. समस्त विद्यार्थी अपने प्रवेश पत्र पर स्वयं का पासपोर्ट साइज फोटोग्राम चस्पा करें।
13. किसी भी प्रकार की कठिनाई हो तो परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर तत्काल संपर्क करें।

**परीक्षा नियंत्रक** **प्राचार्य**